एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| बरेली |

शुक्रवार, 14 नवंबर 2025, वर्ष 6,

PAGE NO :05 MIDDLE

# कप्तान अभिमन्यु के शतक से एसआरएमएस को मिली जीत




मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार प्राप्त करते अभिमन्यु।

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार** : पार्कर मेमोरियल अंडर-12 क्रिकेट टूर्नामेंट में गुरुवार को एसआरएमएस क्रिकेट अकादमी और चिल्ड्रन क्रिकेट अकादमी के बीच मैच हुआ।

जिसमें अभिमन्यु के शतक की बदौलत एसआरएमएस क्रिकेट अकादमी ने बड़ी जीत दर्ज की। मुरादाबाद स्थित पार्क इंटरमीडिएट कॉलेज मैदान पर आयोजित मैच में एसआरएमएस क्रिकेट अकादमी ने 40 ओवर में दो विकेट पर 293 रन बनाए। कप्तान अभिमन्यु ने 154 रन जड़े, जबकि आरव ने 63 और आर्यन ने 34 रनों का योगदान दिया। चिल्ड्रन क्रिकेट अकादमी की ओर से अक्षय सक्सेना ने 2 विकेट हासिल किये। चिल्ड्रन क्रिकेट अकादमी की टीम लक्ष्य का पीछा करते हुए 62 रनों पर ऑलआउट हो गई। एसआरएमएस के लिए इशान ने 3, असद, सुशांत और दिव्यांश ने 1-1 विकेट लिए।